प्राचीन भारत में कर व्यवस्था का मूल्यांकन

डॉ0 मोहम्मद अख्तर

राज्य की उत्पत्ति राजा से हुई है क्योंकि प्रारंभिक राज्य व्यवस्था राजतंत्रीय थी। इस व्यवस्था की उत्पत्ति के साथ ही कर की उत्पत्ति हुई क्योंकि कर से प्राप्त आय के बिना प्रशासन उचित ढ़ंग से नहीं चलाया जा सकता। पुरातात्विक उपलब्धियों के आधार पर हम देखते हैं कि सिंधु घाटी की सभ्यता के समय से ही कर व्यवस्था प्रचलित थी जबकि साहित्यिक आधार पर वैदिककाल से ही इसका चलन मिलता है। कर व्यवस्था का विकास धीरे–धीरे होता गया है जिसका विस्तार से वर्णन इस प्रकार हैं।